an>

Title: Regarding rail accident at Madhya Pradesh

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से संवेदनशील मुद्दा सदन में उठाना चाहता हूं जो मध्य प्रदेश में रेल दुर्घटना से संबंधित है। दो दिन पहले इस घटना में मेरे गांव के 11 लोग एक ही परिवार के खत्म हुए। मैं जहां से सांसद हूं वहां तीन लोगों की मृत्यु हुई। दो महीने पहले इटारसी जंक्शन में हर्दा से ठीक 80 किलोमीटर पहले कंट्रोल रूम जला और 60 दिन तक 100 से ज्यादा गाड़ियां प्रभावित हुई। हमारे रीज़न की 100 गाड़ियां थी और इससे पूरे देश के लोग प्रभावित हुए। राज्य में भी हमारी सरकार है और यहां भी है। मैं आपके माध्यम से सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। यह सामरिक ट्Âिट से बहुत महत्वपूर्ण मामला है। एक ही परिवार के 11 लोग मरे हैं। वह अपने पिता को फोन करके कह रहा है कि अब हमारा आखिरी मिनट है, अब सिर्फ अकेले पिता बचे हैं। ऐसे में पैसे के मुआवजे का कोई औचित्य नहीं है बल्कि हमें सार्थक कदम उठाना चाहिए। वे लोग जो इसके लिए गुनाहगार और जवाबदेह हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Prahlad Singh Patel.